4 Jul 2020

Social media
Share this article

# रायपुर : राज्य में आज 31 हजार 164 जरूरतमंदों को मिला निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट : मास्क और सेनेटाईजर भी वितरित

रायपुर, 04 जुलाई

कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन की वजह से उत्पन्न परिस्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में गरीबों, श्रमिकों और निराश्रित लोगों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराए जाने का सिल
जारी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जरूरतमंदों की मदद के लिए जिलों में संचालित क्वारेंटाईन संेटर एवं राहत शिविरों में 04 जुलाई को 31 हजार 164 जरूरतमंदों, श्रमिकों और निराश्रि
निःशुल्क भोजन एवं खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया। जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए जरूरतमंद लोगों को मॉस्क, सेनेटाईजर एवं अन्य उ
सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। आज 04 जुलाई को प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से 1111 मास्क एवं सेनेटाईजर, साबुन आदि का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन शुरू होने से लेकर अब तक जिलों में प्रशासन द्वारा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से संचालित राहत शिविरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में एक करोड़ 8 लाख 48
948 लोगों को निःशुल्क भोजन एवं खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया है। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए अब तक 49 लाख 91 हजार 123 मास्क सेनेटाईजर एव
सामग्री का निःशुल्क वितरण जन सामान्य को किया गया है।

क्रमांक-2323/

TAGS:

Print this article